राज्यपाल सचिवालय

राज भवन, जयपुर

राज्यपाल श्री बागडे ने दीपावली सजावट रोशनी में विभिन्न श्रेणियों में उल्लेखनीय योगदान करने वालों का किया सम्मान

जो असमर्थ हैं, उन्हें सहयोग करने के लिए भी हो कार्य

गुलाबी नगरी की स्वच्छता और सुंदरता के लिए करें मिलकर प्रयास – राज्यपाल

जयपुर, 7 दिसंबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा जयपुर व्यापार महासंघ के सहयोग से आयोजित समारोह में दीपावली पर गुलाबी नगर की रोशनी और साज–सज्जा में विभिन्न श्रेणियों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले बाजारों एवं प्रतिष्ठानों को पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि सबकी दीपावली में अपनी दीपावली मनाएं। जो असमर्थ हैं, उनके सहयोग के लिए कोई संगठन बने। गरीब और कमजोर कल्याण के साथ उनके यहां भी पर्व की रोशनी हो, ऐसी व्यवस्था सब मिलकर सुनिश्चित करें। उन्होंने इस अवसर पर सम्मानित हुए व्यावसायिक संस्थानों से प्रेरणा लेकर गुलाबी नगरी को स्वच्छ, सुंदर रखने के लिए सभी को कार्य करने का आह्वान किया।

श्री बागडे ने कहा कि अपने लिए सभी कार्य करते हैं परन्तु जीवन की सार्थकता इसमें है कि हम दूसरों के सुख और संतोष के लिए भी कार्य करें। उन्होंने जयपुर को धर्म और अध्यात्म की छोटी काशी बताते हुए यहां सामूहिक रूप में उत्सवधर्मिता से त्योहार मनाने की परंपरा की सराहना भी की। उन्होंने वैश्य समाज को भामाशाह परम्परा से जुड़ा समाज बताते हुए कहा कि देश और राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का महती कार्य इसी समुदाय द्वारा सर्वाधिक किया गया है। उन्होंने वैश्य समाज को व्यवसाय के साथ जनहित के अधिकाधिक कार्य करने का आह्वान किया।

आरम्भ में अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी श्री ध्रुवदास अग्रवाल ने विभिन्न स्तरों पर किए जाने वाले संगठन के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन (राजस्थान)

अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन (राजस्थान)
के द्वारा दिनांक 7 दिसम्बर 2024 को आयोजित
दीपावली सजावट-रोशनी पुरस्कार वितरण समारोह- 2024
मुख्य अतिथि-
महामहिम श्री हरिभाऊ बागड़े
(राज्यपाल राजस्थान)
अन्तर्राष्ट्रीय